StudentBounty.com

UNIVERSITY OF CAMBRIDGE INTERNATIONAL EXAMINATIONS
General Certificate of Education Ordinary Level

# HINDI 3195/02

Paper 2 Language Usage and Comprehension

**October/November 2011**

**1 hour 30 minutes**

Additional Materials: Answer Booklet/Paper

*6487679185*

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your Centre number, candidate number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen on both sides of the paper.
Do not use staples, paper clips, highlighters, glue or correction fluid.

Answer **all** questions.

At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

This document consists of **9** printed pages and **3** blank pages.

DC (RW/CGW) 52886
© UCLES 2011

UNIVERSITY *of* CAMBRIDGE International Examinations



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

## Section A
## खंडः 'क'

**A1 Combination/Separation of Words** [10]

**संधि / संधि-विच्छेद**

निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए और उत्तर दी गई उत्तर-पत्रिका में लिखिए ।

1 विद्या + आलय

2 प्रति + एक

3 देव + इन्द्र

4 परम + आत्मा

5 हिम + आलय

**A2 Idioms, Proverbs and Words in Pairs** [10]

**मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग**

निम्नलिखित वाक्यों में भरने के लिए नीचे दिये मुहावरों, लोकोक्तियों और सहप्रयोगों में से उपयुक्त उत्तर चुनिए और उन्हें उत्तर-पत्रिका में लिखिए ।

6 अपने ________________ को अपने से दूर भेजना एक माँ के लिए बहुत ही मुश्किल है ।

7 एक बेटे ने भरे बाज़ार में अपने बाप की ________________ दी ।

8 मैं सोच रहा हूँ कि आपके घर के ______________ ही घर ख़रीद लूँ ।

9 विदेश में आ कर नौजवानों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, भारत में बैठे तो ______________ ही लगते हैं ।

10 नौकर घर का सारा कीमती सामान ले कर __________________ गया ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | रफ्फूचक्कर होना | (6) | जग हँसाई |
| (2) | दाल में काला होना | (7) | दूर के ढोल सुहावने |
| (3) | खाना-कपड़ा | (8) | पगड़ी उछालना |
| (4) | अन्त भला तो सब भला | (9) | आस-पास |
| (5) | मुंह में राम बगल में छुरी | (10) | कलेजे का टुकड़ा |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**A3 Sentence Transformation** ]

**वाक्य रूपान्तरण**

निम्नलिखित अधूरे वाक्यों को इस तरह पूरा कीजिए कि उनका अर्थ ऊपर दिए वाक्यों से भिन्न हो । अपने उत्तर दी गई उत्तर-पत्रिका में लिखिए ।

**11** मेरे भाई ने मुझे पानी पिलाया ।
मुझे मेरे भाई द्वारा ____________________ .

**12** आपने मेरी बात का ग़लत मतलब निकाला ।
आपके द्वारा ______________________________ .

**13** अध्यापक के कक्षा में आते ही विद्यार्थी चुप हो गये ।
ज्यों ही अध्यापक ______________________________ .

**14** राकेश साइकिल चला कर स्कूल जाता है ।
स्कूल जाने के लिए राकेश ________________________ .

**15** सुनीता कड़ा परिश्रम करके ही परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकी ।
सुनीता परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकी क्योंकि ________________ .

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**A4 Cloze Passage**
**क्लोज़ पैसेज**

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द कर उनकी संख्या को अपनी उत्तर-पत्रिका में लिखें ।**

वार्षिक चैरी फूलों की ऋतु हानामी कहलाती है, यह एक साथ बड़ी संख्या में जापानी लोगों को बसन्त ऋतु का आनन्द लेते देखने का एक अनोखा अवसर है । खाना ____16____ पीना इसके मुख्य आकषर्ण हैं, जबकि हल्के गुलाबी फूलों को ____17____ शायद इतना महत्वपूर्ण नहीं समझा जाता । ____18____ साकुरा फूल अपनी शाखाओं से चिपके रहते हैं, उतनी देर यहाँ काफ़ी सुहावने वातावरण की उम्मीद की जाती है, पर टोकियो की हानामी ऋतु वाली लोकप्रिय यूनो पार्क जैसी जगहों पर ____19____ मनाने की जगह नहीं मिलती । काम के दिनों में शाम को खास कर शहरी पार्क, दफ़्तर में काम करने वालों से भरे होते हैं क्योंकि वे ____20____ फूलों के प्रति मनोभावों को प्रगट करने में व्यस्त होते हैं । आपको किसी भी छोटे पार्कों और ____21____ जो टोकियो और अन्य बड़े शहरों में कहीं-कहीं बिख़रे हैं, उनमें कम भीड़ मिलनी ____22____ पर इतनी भी कम नहीं । टोकियो वासियों ____23____ मनपसंद जगह आयोयामा कब्रिस्तान है, जहाँ खिले प्रभावशाली फूल उदास ____24____ को भी खुशी उधार देते हैं । यदि आप वहाँ नहीं भी जा सकते तो भी नज़दीकी ज़मीन के ____25____ की तरफ जाएं जहाँ कम से कम एक चैरी के फूलों का वृक्ष तो अवश्य आनंदित करता है । जब हानामी ऋतु अपनी चरम सीमा पर हो तो आपको ज़्यादा दूर जाने की ज़रूरत नहीं ।

(1) सम्मान
(2) ज़रूर
(3) नहीं
(4) और
(5) कब्रों के पत्थरों
(6) बगीचों
(7) अपने
(8) टुकड़े
(9) सराहना
(10) जब तक
(11) जहाज़
(12) पिकनिक
(13) चाहिए
(14) की
(15) वहाँ

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

**BLANK PAGE**

**TURN OVER FOR SECTION B**

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com



**Section B**
**खंड 'ख'**

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**अपनी इंग्लैंड से भारत तक की 10,000 किलोमीटर की पूर्वी साइकिल यात्रा जारी रखते हुए फराज़ अडवानी, डैनयुब नदी के किनारे नाचता है ।**

अन्ततः आज मैं अपने पहले लम्बे फ़ासले के साइकिल चालक साथी से मिला । हमने एक दूसरे को झट से पहचान लिया क्योंकि हमने बाकी सभी साइकिल चालकों से अधिक भारी भरकम बोझ उठा रखा था । वह डैनयुब नदी के किनारे पर चलता हुआ रोमानिया तक पाँच सप्ताह की यात्रा पर जा रहा था । मैंने उसे बताया कि तुर्की मेरा अन्तिम पड़ाव है - भारत इतना दूर प्रतीत होता है कि मुझे चिन्ता है कि शायद लोग यह यकीन ही न करें कि भारत तक पहुँचने की मेरी हिम्मत न हो ।

हम साइकिल से सम्बंधित बातों में व्यस्त हो गये । यह सुन कर कि मेरी साइकिल के टॉयर इंग्लैंड से इतनी दूर बिना एक भी पंक्चर के पहुँच गये, वह बहुत प्रभावित हुआ । मैं उसकी साइकिल पर लगे भविष्य में आने वाले महंगे कंम्पयूटर से प्रभावित हुआ ।

अगली सुबह मैंने आस्ट्रीया में प्रवेश किया, एक चॉकलेट खाकर मैंने इस अवसर को यादगार बनाया जैसे कि मैंने पहले किया था, जब मैं फ्रांस और जर्मनी पहुँचा था । हालांकि इस बार, उत्सव की तड़क भड़क किसी और आम शाम से कुछ ज़्यादा ही थी । मैंने नाच किया जिसका श्रेय मेरे आई पोड पर बज रहे जैक्सन्स के प्रसिद्ध गाने को जाता है । मेरे नाच में छोटे-छोटे कंकड़ों को उठाना और उन्हें पानी में फेंकना शामिल था । मुझे पता नहीं कि मुझे अहसास होने से कितनी देर पहले से वह बूढ़े दंपति अपने कुत्ते के साथ विस्मय से मुझे देख रहे थे ।

आस्ट्रीया में दूसरी सुबह, मुझे और मेरी साइकिल को एक छोटी सी लकड़ी की नौका में नदी के पार ले जाया गया । नौका चालक इससे पहले धूप में ऊँघ रहा था । जब मैं सड़क पर वापिस आया तो डैनयुब के दोनों तरफ जंगल के वृक्षों की छाया पड़ने लगी, भूरे और हरे रंगों के हज़ारों रंग के साये उभर कर सामने आ गये, जबकि गर्म हवा कीड़े मकौड़ों से भिन्न भिना उठी । आपको साइकिल चलाते समय अपना मुँह बंद रखना पड़ता है या दोपहर के भोजन से पहले अपनी भूख बर्बाद होने का ख़तरा उठाना होता है ।

मैं कल सलोवाकिया में हूँगा इसलिए मुझे लिखना बंद करना पड़ेगा और ज़ल्दी ज़ल्दी सलोवाकियन भाषा सिखाने वाले कोर्स के लिए समय निकालना होगा । मैं हैरान हूँ कि "डाकुजैम" - "धन्यवाद" शब्द के साथ आप कहाँ तक जा सकते हैं ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**B5 MCQ Comprehension**
**आशय समझना**

प्रश्न 26-32 के लिए (1), (2), (3) या (4) में से सही उत्तर को चुन कर उत्तर पत्रिका में उसकी संख्या लिखिए ।

26 फराज़ का ध्यान तुरन्त दूसरे साइकिल सवार की तरफ गया क्योंकि ______________ ।

(1) उसके पास भी उतना ही सामान था जितना सबके पास
(2) उसके पास भी बहुत ज़्यादा सामान था फराज़ की तरह
(3) उसका सामान फराज़ के देश में बना था
(4) उसका सामान अन्य साइकिल सवारों से अधिक भारा लगता था

27 फराज़ ने कहा कि वह भारत जाने के बजाय तुर्की जा रहा था क्योंकि ______________ ।

(1) उसे अहसास हुआ कि भारत पहुँचने में उसे पाँच सप्ताह लगेंगे
(2) उसे चिंता थी कि वह शायद भारत न पहुँच पाये
(3) उसने सोचा भारत ज़्यादा दूर प्रतीत नहीं होता
(4) उसने सोचा कि भारत बहुत दूर है कि वहाँ पहुँचने की बात पर विश्वास नहीं आता

28 यह वाक्य "हम साइकिल से संबंधित बातों में व्यस्त हो गये," हमें दो साइकिल चालकों के बारे क्या बताता है ?

(1) उन्होंने अपने साइकिलों की विशेषताओं की चर्चा का आनंद उठाया ।
(2) उन्होंने अपने लिए कुछ नये साइकिल ख़रीदे ।
(3) उन्होंने अपने साइकिलों के टॉयरों में आये पंक्चरों की बातें की ।
(4) उन्होंने अपनी अब तक की यात्राओं की बातें की ।

29 फराज़ ने ______________ ।

(1) हर सुबह कुछ चॉकलेट खाये
(2) हर नये देश में पहुँचने की खुशी मनाने के लिए कुछ चॉकलेट खाये
(3) पिछली बार फ्रांस और जर्मनी से ख़रीदे हुए कुछ चॉकलेट खाये
(4) फ्रांस और जर्मनी पहुँचने पर चॉकलेट नहीं खाये

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

30 फराज़ के खुशी भरे नाच में —————— शामिल था।

(1) कंकड़ को हवा में उछालना और पकड़ना
(2) बूढ़े दांपति का उसके आई पोड पर बज रहे गाने गाना
(3) नदी में कंकड़ को उछालना
(4) जैक्सन के गाने के साथ गाना

31 दूसरे दिन फराज़ ने —————— ।

(1) नदी पार करने के लिए नौका चलाई
(2) डैनयुब को पार किया
(3) एक आदमी को नदी के पार उतारा
(4) धूप में झपकी ली

32 जंगल में फराज़ ने ध्यान रखा कि वह अपना मुँह न खोले क्योंकि ——————।

(1) ज़्यादा चॉकलेट खाने से उसकी भूख मर जायेगी
(2) साइकिल चलाते समय अपना मुँह बंद रखना हमेशा अच्छा होता है
(3) साइकिल चलाने से आपको भूख लगती है
(4) हो सकता है कि वह कीड़े–मकौड़े निगल ले

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

BLANK PAGE

TURN OVER FOR SECTION C

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com



## Section C
## खंड 'ग'

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर जहाँ तक संभव हो, अपने श और पूरे-पूरे वाक्यों में दीजिए ।**

**नाइजीरियन उपन्यासकार बेन ओकरी अपने बचपन के नायक प्रकृति विज्ञानी डेविड आटनबोरोह से मिले ।**

डेविड हम सब के मुकाबले जितना प्राकृतिक जगत के नज़दीक रहे हैं उतना हममें से बहुत कभी नहीं रहेंगे । लेखक मेरी तरह ही पात्रों और कहानी के विषय में सोचता है परन्तु वह **<u>जनसंख्या</u>** में विस्फोट, प्रदूषण और वनों की कटाई के ख़तरों के विषय में सोचता है ।

उसकी प्रकृति के प्रति उत्सुकता और लगन हम सब को **<u>निरन्तर</u>** प्रेरित करती हैं परन्तु वह लगातार याद दिलाता है कि हम प्राकृतिक जगत की **<u>परिस्थिति</u>** की उपेक्षा करके अपने आप को ख़तरे में डालते हैं । टेलिविज़न के द्वारा उसने कई पीढ़ीयों को प्राकृतिक जगत के चमत्कार और आंतक के बारे में पढ़ाया है । उसने हमें अपने उत्साह से प्रभावित किया और प्रकृति की अनंत किस्मों के रहस्य को खोल कर हमें रोमांचित किया है ।

मैंने उससे पूछा, "क्या आपको बचपन में प्राकृतिक **<u>जगत</u>** के प्रति अपने सम्मोहन की याद है ?"
"अच्छी तरह", उसने उत्तर दिया । "जब मैं आठ साल का था मेरे पिता जी ने मुझे एक छिपकली दी । वह चमकीले काले रंग की थी और उस पर पीले धब्बे थे । मुझे अब भी याद है कि उसका शरीर रबड़ जैसा और एक ठसाठस भरे गद्दे की तरह महसूस होता था । उसकी खुशबू थोड़ी सी वनीला जैसी थी । वह बार-बार बच के भाग जाती थी------"

उसके जीवन की कहानी जीवाश्म, पक्षियों और कई लम्बी तथा मुश्किल यात्राओं की कहानी है जो कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही इस धरती के अनोखे पेड़-पौधों और वनस्पति की **<u>आश्चर्यजनक</u>** खोज़ में कर सकता है। वह 83 वर्षों का है और अब भी अगर आप उसे घर में तेज़ी से सीढ़ियां उतरते देखें तो आप उसे कोई युवक धावक समझने में धोखा खा सकते हैं ।

अपनी पहली मुलाकात से पहले मैं सोचता था कि ऐसे व्यक्ति के साथ दोपहर गुज़ारना कैसा होगा जिसने हमारे जीवन के दिनों को शान से हर तरह के अजीबोग़रीब जन्तुओं से आकर्षित किया है । यह पता करके कि डेविड का पहला पालतु जानवर छिपकली थी, मैंने यह भी पता लगाया कि वह 57 सालों से इसी घर में रह रहा है । मैं उसे अपनी जवान बेटी के साथ बंदर की आवाज़ में बातें करते देख हैरान हो गया ।

"अपने विस्मय कार्यों की समझ के बारे में मुझे बताइए", मैंने कहा । "आप जो कुछ भी करते हैं उसमें यह झलकता है ।

डेविड ने अचानक अपने सोफ़े के एक तरफ छलांग लगाई जिस कारण उसका एक पैर ऊपर हवा में था । मुझे आश्चर्य हुआ जब वह 3 करोड़ साल पुराने शार्क के दाँत को अपने हाथ में लिए दुबारा उभरा और उसे मुझे दे दिया ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

"देखो", उसने ज़ोर से कहा, "तुम्हें विस्मय कार्यों के लिए कड़ी मेहनत नहीं करनी पड़ती ।"

**C6 OE Comprehension**

**आशय समझना**

आप निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर जहाँ तक संभव हो अपने शब्दों में दें ।

33 डेविड को कौन सी बातें अन्य लोगों से भिन्न बनाती हैं और वह प्राकृतिक जगत के लिए कौन से तीन ख़तरों के बारे चिंतित है ?

34 एक अध्यापक के रूप में डेविड के गुणों को लेखक कैसे बताता है ? **चार** विवरण दें ।

35 डेविड के पहले पालतू जानवर की व्याख्या अपने शब्दों में करें । **चार** भिन्न-भिन्न विवरण दें ।

36 इस बात का क्या सबूत है कि डेविड एक चुस्त और हृष्ट-पुष्ट आदमी है ? **चार** विवरण दें।

37 लेखक को डेविड से मिल कर कौन सी बातें पता चलीं जो उसे उनके मिलने से पहले नहीं पता थीं ? **चार** बातें बताएं ।

38 बेन ओकरी ने यह बताने के लिए कि उसे भी प्राकृतिक जगत के प्रति उत्साह है कौन से शब्दों का प्रयोग किया है ? **चार** उदाहरण दें ।

**C7 Vocabulary** [10]

**शब्दार्थ**

अवतरण के रेखांकित शब्दों को नीचे दिया गया है । इनका अर्थ सरल हिन्दी में लिखिए ।

39 जनसंख्या

40 निरन्तर

41 परिस्थिति

42 जगत

43 आश्चर्यजनक

**End of Paper**

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

**BLANK PAGE**

StudentBounty.com

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

University of Cambridge International Examinations is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of University of

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers